## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने किया बालक एवं बालिका छात्रावास के भूमिपूजन शिलापट का अनावरण

**मण्डला।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में निवास विकासखंड के ग्राम हाथीतारा में सांदीपनि विद्यालय के प्रांगण में बालक एवं बालिका छात्रावास भवनों के निर्माण की आधारशिला रखी। उन्होंने शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पीएम जनमन अभियान अंतर्गत राष्ट्रीय कार्यक्रम के प्रसारण के बीच सांदीपनि विद्यालय के प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में भूमिपूजन शिलापट का अनावरण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री रजत सकलेचा, सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट, जनपद पंचायत निवास की अध्यक्ष श्रीमती मंजू कुलस्ते, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत निवास श्री घनश्याम सूर्यवंशी, उपाध्यक्ष नगर परिषद निवास श्री बसंत चौधरी, एसडीएम निवास श्री सीएल वर्मा, एसी ट्रायबल श्रीमती वंदना गुप्ता, डीईओ श्रीमती मुन्नी वरकड़े, जनपद सीईओ श्रद्धा सोनी सहित अन्य गणमान्यजन, विद्यालय के स्टाफ एवं विद्यार्थी मौजूद रहे। इस दौरान भवन निर्माण अभिकरण के डीजीएम ने कार्यक्रम में जानकारी देते हुए बताया कि यह छात्रावास पीएम जनमन योजना अन्तर्गत स्वीकृत हुआ है। ग्राम हाथीतारा में बालक एवं बालिकाओं के लिए 50-50 सीटर की क्षमता के दो छात्रावास भवनों का निर्माण कार्य किया जाना है। यह कार्य निर्माणाधीन सांदीपनि विद्यालय के भवन निर्माण के साथ ही शुरू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह दोनों छात्रावास 15 माह के भीतर एवं सांदीपनि विद्यालय का यह भवन दिसंबर 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा।

## क्या टेबिलों में बैठकर होगी निर्माण कार्यों की समीक्षा

# गुणवत्ताहीन निर्माणों का जिम्मेदार कौन?

*** निर्माण एजेंसियों पर लग रहे करोड़ों के भ्रष्टाचार के आरोप।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

मण्डला जिले का इतिहास रहा है कि किस तरह निर्माण कार्यों की आड़ में भ्रष्टाचार का खुला खेल खेला जाता रहा है फिर चाहे वह स्टापडेम निर्माण कार्यों की बात हो या फिर पुल-पुलिया, सड़क एवं तालाब के निर्माण की बात। इन सभी निर्माण कार्यों को लेकर प्रश्नचिन्ह लगते रहे हैं विशेष रूप से निर्माण एजेंसी आर.ई.एस. जिसके माध्यम से पंचायत स्तरों पर बड़ी संख्या में निर्माण कार्य संपन्न कराये जाते हैं इन निर्माण कार्यों में जिस तरह नियमों की अनदेखी करते हुये खुले रूप से न केवल गुणवत्ता के साथ समझौता किया गया बल्कि शासन की राशि का बंदरबांट करते हुये ठेकेदारों को फायदा पहुंचाया गया।





80 फीसदी निर्माण सामग्री का उपयोग सिर्फ हो रहा कागजों पर

आर.ई.एस निर्माण एजेंसी पर गंभीर आरोप

### कलेक्टर को की गई थी शिकायत

जिले के साप्ताहिक अखबार के एक संपादक के द्वारा लिखित रूप से निर्माण एजेंसी आर.ई.एस. के द्वारा निर्माण कार्यों में की गई अनदेखी और लापरवाही के चलते लगभग 10 करोड़ रूपये का चूना शासन को लगाया गया और यह सब कुछ सिर्फ जिले के एक विकासखण्ड के निर्माण कार्यों की शिकायत थी।

शिकायतकर्ता का कहना है कि जिन कार्यों का टेण्डर जारी किया गया वे निर्माण कार्य उन शर्तों के आधार पर नहीं हुये जिनका टेण्डर में उल्लेख किया गया था न ही निर्माण कार्यों के दौरान उन मशीनों का उपयोग किया गया जो निर्माण के लिये आवश्यक बताई गई थी यहां तक कि निर्माण सामग्री का उपयोग जितनी मात्रा में किया जाना चाहिये था उसमें से 80 फीसदी सामग्री का उपयोग सिर्फ और सिर्फ कागजों में ही किया गया। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि उक्त निर्माण कार्यों को मौके पर जाकर देखा जा सकता है कि वहां उस अनुपात में निर्माण सामग्री आपको मिलेगी ही नहीं। ग्रेवल सड़क निर्माण में न तो सड़क की मोटाई आपको नजर आयेगी और न ही टेण्डर के अनुसार लम्बाई दिखाई देगी। हालांकि कागजों में निर्माण कार्य पूर्ण रूप से संपन्न दर्शाये गये हैं लेकिन मौके पर हकीकत इससे ठीक उलट है। आर.ई.एस. विभाग के उपयंत्री हों या फिर अनुविभागीय अधिकारी इनके द्वारा पूर्ण रूप से ठेकेदार को सहयोग किया जाता रहा है ये कभी निर्माण स्थल पर नहीं दिखाई देते बल्कि घर बैठे ही मूल्यांकन एवं सी.सी. जारी करते नजर आते हैं।निर्माण एजेंसियों की यही लापरवाही और ठेकेदारों के साथ मिलीभगत कर शासन को चूना लगाने का परिणाम है कि निर्माण कार्य बनते हुये धराशायी हो रहे हैं। जो पुलिया सालों-साल चलनी थी वे साल दो साल में ही धसक जाती हैं। सड़कें तो ऐसी तकनीक से बनाई गई है कि पहली बरसात में ही दम तोड़ देती हैं। पहले की कांक्रीट सड़कें 15-20 साल तक मरम्मत की आवश्यकता नहीं बताती थीं जबकि अब तो स्थिति यह है कि बहुत सी कांक्रीट सड़कें बनने के बाद ही टूटने लगती हैं।इन निर्माण कार्यों की समीक्षा जिला मुख्यालय में टेबिलों में बैठकर कर ली जाती है जबकि न तो इन निर्माण एजेंसियों से जबाव तलब किया जाता है और न ही निर्माण कार्यों की शिकायतों पर गंभीरता से जांच होती है आखिर प्रभारी मंत्री को जानकारी मिले तो कैसें?

## पड़रिया पंचायत द्वारा अतिक्रमण को लेकर बुलाई गई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

जनपद पंचायत नारायणगंज के ग्राम पंचायत पड़रिया उर्फ नारायणगंज जहां पर विगत दिनों से बस स्टैंड के आसपास अवैध ठैला एवं सब्जी दुकान जो बीच सड़क में लग रही थी उसे संबंध में पंचायत द्वारा सब्जी ठेले वाले एवं बस स्टैंड में चाय पान समोसा के ठेले वालों को एवं स्थाई दुकानदारों को बुलाकर उनसे सुझाव लिया गया की किस तरह से इस समस्या का हल निकाला जाए जिसमें बस का आना-जाना अवरुद्ध न हो एवं निजी दुकानदारों के द्वारा दुकान के सामने अवैध कब्जा किस तरह से अलग किया जाए इस संबंध में ग्राम पंचायत पड़रिया और नारायणगंज में सार्वजनिक बैठक बुलाई गई जिसमें निर्णय लिया गया कि पंचायत द्वारा निर्धारित जगह में सब्जी की दुकान एवं सब्जी दुकान बालों से सुझाव लेकर उन्हें स्थान दिया गया एवं बस स्टैंड में जो ठेले लग रहे थे उन्हें एक निश्चित जगह दी गई जिससे भी अपने दुकान लगा सके यात्री प्रतीक्षालय महिला प्रसाधन के सामने ठेलों को हटा दिया गया है एवं निजी दुकानदारों के सामने कुछ जगह निश्चित की गई है उसी जगह के दायरे में दुकान लगाई जाएगी जो इस नियम को नहीं मानेगा उसको पंचायत द्वारा निर्धारित दंड दिया जाएगा एवं दुकान के बाहर 3 फुट से अधिक दुकान लगाने पर दुकान का सामान जप्त कर कानूनी कार्यवाही की जाएगी बीच सड़क में किसी भी प्रकार की कोई दुकान नहीं लगेगी दुकान लगाने पर निजी दुकानदारों पर कार्यवाही की जावेगी सभी की सहमति से निर्णय लिया गया है इन सभी नियमों का पालन गुरुवार 31 तारीख से पालन किया जाएगा जो इस नियमों का दुकानदार उल्लंघन करेगा उसके ऊपर कार्यवाही की जाएगी इस बैठक में जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी दीप्ति यादव जनपद अध्यक्ष आसाराम भारतीय उपाध्यक्ष अविनाश शर्मा रतन सिंह ठाकुर मंगल्लाल सोनी रघुनंदन विश्वकर्मा थाना टिकरिया से एस आईं सरपंच राजकुमार तेकाम सचिव अभिषेक शर्मा पत्रकार राजेश सोनी आशीष सोनी एवं स्थानीय दुकानदार एवं सब्जी वाले और बस स्टैंड में लगाने वाले दुकानदार शामिल हुए।

## कान्हा टायगर रिजर्व द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

दिनांक 29.07.2025 को कान्हा टाईगर रिजर्व द्वारा भारत ज्योति विद्यालय मण्डला में अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अंतर्गत बाघ संरक्षण संबधी चेतना के प्रचार-प्रसार एवं क्षेत्रीय गतिविधियों से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री एस.एस. उद्दे, सेवा निवृत मुख्य वन संरक्षक, सुश्री पूजा नागले, वनमण्डलाधिकारी, उत्पादन, हरीश बघेल, संभागीय प्रबंधक, मोहगाव प्रोजेक्ट, डॉ. संदीप अग्रवाल, वन्यप्राणी चिकित्सक, चन्द्रेश खरे, मानसेवी वन्यजीव अभिरक्षक, राजेश क्षत्री, सेवानिवृत शिक्षक एवं भारत ज्योति विद्यालय के उप प्राचार्य तथा कान्हा टाईगर रिजर्व के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एस.एस. उददे, सेवा निवृत मुख्य वन संरक्षक द्वारा बाघ संरक्षण एवं स्थानीय समुदायों के सहयोग पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर विगत 10 दिवसों में



विभिन्न परिक्षेत्रों में आयोजित प्रतियोगिताएँ जैसे-मिट्टी कलाकृति निमार्ण, मेहंदी, चित्रकला, पोस्टकार्ड लेखन इत्यादि के परिणामों की घोषणा कर विजेताओं को पुरूस्कृत किया गया तथा विगत वर्ष में वन्यप्राणी रेस्क्यू अभियानों में सहयोग प्रदान करने वाले अधिकारी/ कर्मचारियों को भी पुरूस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न परिक्षेत्रों से आये स्कूली छात्र/ छात्राओं एवं ग्रामीणों द्वारा बैगा नृत्य, बाघ नृत्य, लोक नृत्य व गायन के माध्यम से बाघ संरक्षण का संदेश प्रसारित किया गया।

## कावड़ यात्रियों ने नागपंचमी पर माँ नर्मदा जी का लाया जल

*** राममंदिर में संपन्न हुई कावड़ यात्रा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

बोल बम के जयकारे के साथ नगर के कांवड़ यात्री श्रद्धालुओ ने माँ नर्मदा जी से जल लाकर सावन माह में भगवान शिव शंकर को अर्पित किया।

भगवान भोलेनाथ की आस्था और विश्वाश का पवित्र माह श्रवण माह माना गया है इस माह में भगवान शिव शंकर को जल अर्पित करने का विशेष महत्व दिया गया है, फिर जल अगर पवित्र नदियों का हो तो इसका विषेश महत्व होता है नगर से 45 किलोमीटर की दूरी पर माँ नर्मदा जी विराज मान हे, ऐसे श्रद्धालु सावन माह में आज मां नर्मदा जी से जल लाकर नगर के राम मंदिर में स्थापित शिव शंकर सहित नगर सभी मंदिरों में मां नर्मदा जी का जल भोले नाथ को अर्पित कर नगर ओर छेत्र को गौरवान्वित किया और भोले नाथ शिव शंकर से सभी के सुख समृद्धि की कामना की।



प्राप्त जानकारी अनुसार विश्व हिन्दू परिषद के तत्वाधान मे आज नागपंचमी के शुभ अवसर पर लगभग 300 कावड़ यात्री प्रातः काल ही माँ नर्मदा जी का जल लेने कावड़ लेकर निकले थे और शाम 7 बजे आपने नगर के आकर राममंदिर अपनी यात्रा समाप्त कर भोले नाथ को जल अर्पित कर अपने दृढ़ संकल्प को कायम किया है और सावन जैसे पवित्र माह में नाग पंचमी के दिन भोलेनाथ को जल चढ़कर अपना कर्तव्य निभाया नगर के नौजवान कावड़ यात्रियों को नगर की समस्त परिवार के श्रद्धालु माताएं बहाने और उनके माता-पीता समाज सेवी भक्त जनों ने उन्हें उनके दृढ़ विश्वास कायम रखने के लिए शुभकामनाएं दी।

विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष रत्नेश यादव ने बताया कि आज नागपंचमी के अवसर पर 300 से अधिक कावड़ यात्री नर्मदा की खड्डेदेवारा घाट से जल लेने निकले थे जो शाम को 7:00 बजे जल लेकर वापस हुए इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विश्व हिंदू परिषद के अनेक कार्यकर्ता और नगर वासियों का योगदान मिला।

## इनर व्हील क्लब द्वारा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत बच्चों को किया गया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 में इनर व्हील क्लब मंडला द्वारा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर टीआई आरती धुर्वे ने नशा मुक्ति विषय पर प्रभावशाली वक्तव्य दिया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती संध्या गुप्ता की उपस्थिति में बच्चों का परीक्षण किया गया और उन्हें नशे से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई।

क्लब की ओर से अध्यक्ष श्रीमती श्रद्धा तपा एवं आईएसओ प्रिया पमनानी ने बच्चों को सरल भाषा में समझाया कि किस प्रकार नशा जीवन को बर्बाद कर सकता है और क्यों इससे हमेशा दूर रहना चाहिए। इस अवसर पर क्लब की सचिव सुनीता पमनानी सहित क्लब की अन्य सक्रिय सदस्याएं प्रिया पमनानी, किरण पमनानी, रूबी तपा, कमला बानी, आरतीबृज पुरीया, कंचन क्षत्री, सपना भाटिया, आरती तिवारी एवं साधना दुबे भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और एक स्वस्थ जीवन जीने की प्रेरणा देना था।

**समीक्षा** | आश्रमों और छात्रावास संचालकों की वीसी के माध्यम से की गई समीक्षा।

# बालिका छात्रावासों में न हों पुरूष वार्डन





*** छात्रावासों में बेहतर सुविधाओं की जिम्मेदारी अधीक्षक की।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने कहा कि आश्रमों एवं छात्रावासों में सभी मूलभूत सुविधाएं बच्चों को मिलें, यह जिम्मेदारी छात्रावास अधीक्षक की हैं। छात्रावासों में किसी भी प्रकार की कमियाँ बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। कलेक्टर श्री मिश्रा वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम से जिले के आवासीय आश्रमों एवं छात्रावासों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने सभी अधीक्षकों से बच्चों के मासिक स्वास्थ्य परीक्षण की जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि परीक्षण में किसी भी प्रकार के मेडिकल अंटेशन के लिए डॉक्टर के सुझाव पर तत्काल बच्चों को मेडिकल ऐड दिलायें। किसी भी बालिका छात्रावास में पुरुष वार्डन न हों। उन्होंने कहा कि बच्चों को छात्रावासों में पाठयोत्तर गतिविधियों से जोड़ने का कार्य हॉस्टल में कराएं।

इस दौरान गोलमेज कक्ष में मौजूद जिलाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी हॉस्टल्स में प्रतिमाह निरीक्षण करें। जिला स्तरीय अधिकारी हॉस्टल में रात्रि विश्राम भी करें। उन्होंने निर्देशित किया कि किसी भी हॉस्टल के भवन में मरम्मत की आवश्यकता होने पर तत्काल उसकी मरम्मत के लिए प्रस्ताव तैयार करवायें। हॉस्टल में शुद्ध पेयजल, शौचालय, मेनू के अनुसार समय पर नाश्ता तथा भोजन की उपलब्धता कराना अधीक्षक की जिम्मेदारी है, यह बेसिक व्यवस्था प्रत्येक हॉस्टल में सुनिश्चित करें। इस दौरान स्थानीय गोलमेज कक्ष में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट, डीईओ श्रीमती मुन्नी वरकड़े, डीपीसी अरविंद विश्वकर्मा, सहायक संचालक आदिवासी विकास विभाग रंजीत गुप्ता, एपीसी मुकेश पांडे सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## एसडीएम मंडला ने किया जीएनएम सेंटर का निरीक्षण

**मण्डला।** आयुक्त लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा भोपाल की मंशानुसार नवीन संस्थाओं एवं सीवीवाई जांच से शेष बची नर्सिंग संस्थाओं के भौतिक निरीक्षण के लिए कलेक्टर द्वारा समिति गठित की गई हैं। इसी तारतम्य में एसडीएम मंडला श्रीमती सोनल सिडाम द्वारा मंगलवार को महिला बहुउद्देशीय प्रशिक्षण केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मान्यता से संबंधित सभी दस्तावेजों का अवलोकन तथा अन्य आवश्यक जानकारियां ली गई। इस दौरान जीएनएम सेंटर का स्टाफ सहित संबंधित उपस्थित रहे।



## शौचालय में लटका ताला, यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

मण्डला जिले जनपद पंचायत नारायणगंज में समस्याओं का अंबार हमेशा बना रहता है नारायणगंज नगर के मुख्य बस स्टैंड पर बना शुलभ कॉम्प्लेक्स के शौचालय में विगत कई दिनों से ताला डका दिया गया है, सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार कर्मचारियों की कमी के कारण शौचालय में ताला लटका दिया गया है जिसके कारण बस यात्रियों को असुविधा झेलनी पड़ रही है।

### आखिर कहां है जिम्मेदार, नीलामी करके झाड़ लिया पल्ला

कॉम्प्लेक्स की दुकानों की नीलामी करने के बाद जनपद पंचायत ने कॉम्प्लेक्स की सुध लेना ही बंद कर दी,कही शौचालय में कभी पानी उपलब्ध नहीं होता तो कभी ताला लटका दिया जाता है, कॉम्प्लेक्स की मरम्मत भी सिर्फ नाम मात्र की की जा रही है सही देख रेख ना होने के चलते अब यह कॉम्प्लेक्स अपनी आखरी सांस लेता दिख रहा है, कॉम्प्लेक्स में बनी दुकानों की दीवारों पर पानी पिझर रहा है जिसके चलते दुकानदार परेशान हैं।



## खबर संक्षेप

### नगर के कवि साहू की बुंदेली कविताओं का प्रसारण आकाशवाणी पर कल

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। एक समय था जो लोग रेडियों पर



आकाशवाणी द्वारा प्रसारित की जाने वाले कविताओं से लेकर अन्य प्रकार के कार्यक्रमों को प्रमुख स्थान देते हुये हर घर में रेडियों रखे जाते थें। मगर समय में बदलाव में रेडियों का स्थान पहले टेलीविजन और अब मोबाईल फोनों ने छिन लिया है। मगर आज भी आकाशवाणी से प्रसारित होने वाली कविताओं से लेकर अन्य कार्यक्रमों को विशेष माना जाता है। इसी प्रकार से कल जिस तरह नगर के युवा कवि साहू की बंदेली कविताओं के आकाशवाणी जबलपुर से होने वाले प्रसारण को लेकर लोगों द्वारा इंतजार किया जा रहा है। बताया जाता है कि नगर की विजय कालोनी निवासी व स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ अखिलेश साहू की बुंदेली कविताओं का आकाशवाणी जबलपुर कल 31 जुलाई को शाम 7:20 पर कृषि जगत कार्यक्रम के तहत प्रसारण होगा। ज्ञात हो कि अखिलेश साहू ने पुरुष नसबंदी, जनसंख्या विस्फोट, क्षय रोग, कोरोना, पल्स पोलियो, कन्या भ्रूण हत्या, पर्यावरण पर स्थानीय देहाती बुंदेली भाषा में कविताएँ लिखकर आकाशवाणी जबलपुर और स्थानीय पत्र पत्रिका में प्रसारित की है ।आकाशवाणी जबलपुर पर साहू की कविताओं को यह चौथी बार प्रसारण होने पर स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारी, कर्मचारी व मित्रों के बीत उत्साह देखने मिल रहा है।

### ताश पत्तों पर हार जीत को दांव लगाते हुये पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। जुआ के अवैध कारोबार पर कार्यवाही के लिये जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा सख्त आदेश जारी किये गये है। इसी के चलते बीते हुये दिवस उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में मुखबिर की सूचना के चलते गरधा रोड पर पुलिस ने छापा मारते हुये मौकेपर मुकेश पिता स्वतंत्र कौरव उम्र 36 साल निवासी गरधा (बम्होरी), मेहरबान पिता फूलसिंह गूजर उम्र 40 साल निवासी गूजर झिरिया, डोरीलाल पिता बाल किशन जाटव उम्र 43 साल निवासी गरधा, कैलाश पिता श्रीलाल अहिरवार उम्र 40 साल निवासी सोकलपुर के तास के 52 पत्ते तथा नगदी राशि 9200 रूपया जप्त किये गये। इसी प्रकार से सिहोरा चौकी पुलिस द्वारा ग्राम पुरगंवा में विनय पिता वीरेन्द्र कौरव, शंकर लाल पिता सकूरा धानक दोनो निवासी ग्राम पुरगंवा, सूर्य प्रकाश पिता राधे श्याम कौरव, राम किशोर पिता कुंवर सिंह कौरव, दिनेश पिता नन्हें भैया कौरव, अन्नी लाल उर्फ अन्ना पिता नन्हेभैया कौरव सभी निवासी ग्राम टेकापार, महेश पिता ईश्वर प्रसाद चौकसे निवासी करपागांव, सुजान पिता धन्नू रजक निवासी शाहपुर को जुंआ खेलते हुये पकड़कर आरोपियों के पास से ताश पत्ता सहित नगदी 7010 रूपया नगदी जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ धारा 13 जुंआ एक्ट के तहत मामला दर्ज करते हुये गिरप्तार किया गया।

### चाचा ससुर ने की भतीजे की पत्नी से मारपीट

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। जहां लोग अपनी पुत्र बधु को बेटी का दर्जा देते हुये सम्मान करते है। मगर कुछ लोग इस तरह होते है कि वह उनके साथ मारपीट करने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई समीपस्थ ग्राम मारेगांव में देखने मिली है जहां पर चाचा ससुर ने अपने भतीजे की पत्नी के पेट में लात मारते हुये चोटे पहुंचाई। घटना के संबंध में समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम मारेगांव निवासी एक महिला द्वारा अपने चाचा ससुर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुये बताया कि वह अपने पति के साथ घर थी उसी समय प्रार्थिया के चाचा ससुर शीतल पिता मोहन वार्मा आये और प्रार्थिया के पति से किसी पेसों के लेनदेन की बात को लेकर गाली देने लगे। जब प्रार्थिया द्वारा अपने चाचा ससुर को इस तरह गंदी गंद गालिया देने से माना किया तो आरोपी चाचा ससुर द्वारा अपने भतीजे की पत्नी के पेट में लात मारते हुये चोटे पहुंचाई व जान से मारने की धमकी दी गई।

# नाग पंचमी के चलते नाग मंदिरों में सहित लोगों ने अपने खेतों व घरों में किया नाग देवता का पूजन, मंदिर में दर्शन करने वालों की दिन भर लगी रही भीड़, अनेक गांवों में पटा भरने के हुये आयोजन









हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

वैसे देखा जावे तो नाग पंचमी का त्यौहार हर वर्ष आता है जिसमें लोगों द्वारा नाग देवता का पूजन करते हुये आर्शीवाद ग्रहण करने में कोई कसर नही छोड़ी जाती है। मगर इस बार जिस तरह से नाग पंचमी सावन माह के मंगलवार के दिन पड़ने के कारण इसका महत्व कुछ अलग ही बताया जा रहा है। इस तरह नाग पंचमी के चलते जहां चारो ओर धार्मिक आयोजनो की धूम देखने मिली तो दूसरी ओर मंदिरों में नाग देवता के दर्शन करने के लिये दिन भर भीड उमड़ती रही। क्योंकि संकटो से मुक्ति दिलाने वाले हनुमान जी के प्रिय दिवस मंगलवार को पडी नाग पंचमी के चलते जहां नगर के शासकीय चिकित्सालय के समीप स्थित नाग मंदिर में दिन भर लोगों द्वारा भगवान नाग देवता की पूजन कार्यक्रम चलता हुआ देखा गया। बताया जाता है कि नगर के शासकीय चिकित्सालय के पास स्थित यह मंदिर काफी पुराना व सिद्व स्थान बताया जाता है जिसके चलते प्रतिवर्ष यहां पर नाग पंचमी के मौके पर भगवान नाग देवता का नगरवासी पहुंचकर पूजन अर्चन करते है। इसी के चलते सुबह के भक्त नगर के युवा पंडित जी द्वारा नाग देवता का अभिषेख और पूजन करने के बाद भक्तों द्वारा पूजन करने की शुरूआत हुई जो देर रात तक चलले हुये देखी गई। वही दूसरी ओर समीपस्थ गाडरवारा पिपरिया मार्ग पर ग्राम पनागर के पास स्थित नाग द्वारी पर नाग पंचमी के चलते दिन भर मेला जैसी स्थिति दिखाई पड़ी। क्योंकि यहां पर दूर दूर से लोग भगवान नाग देवता का पूजन करने के लिये पहुंचते है। इसी के चलते नाग पंचमी के मौके पर यहां दिन भर भीड़ लगी हुई देखी गई। इसी प्रकार से अन्य जगहों पर की स्थिति अन्य जगहों पर स्थित नाग मंदिरों में भी पहुंचकर लोगों को नाग देवताओं का पूजन करते हुये देखा गया। वही पुरानी मान्यताओं के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में नाग पंचमी के मौके पर पटा भरने के कार्यक्रम आयोजित किये जाते है जिसके चलते अनेक गांवों में इस प्रकार से नाग देवता की पूजन करते हुये पटा भरने के कार्यक्रम आयोजित हुये। इन कार्यक्रमों को लेकर बताया जाता है कि इस प्रकार से पटा भरने के कार्यक्रम के दौरान गांव के कुछ विशेष लोग शामिल रहते है जो सावन माह के शुरू होते ही हरी सब्जी खाना बंद कर देते है जो नाग पंचमी के मौके नाग देवता की पूजन करने के उपरांत ही हरी सब्जी खाने की शुरूआत करते है। वही नाग देवता के इन भक्तों द्वारा विशेष पूजन करते हुये नाग देवताओं का अंश यानि की भाव इनके शरीर में आ जाने के बाद विशेष मंत्रों के माध्यम से नाग देवता से बात चीत भी की जाती है। कही कही तो यह तक बताया जाता है कि नाग पंचमी के मौके पर भरे जाने पटे के कार्यक्रम के दौरान साक्षात नाग देवता पहुंचते है जिनकी पूजन किये जाने के बाद वह वापिस हो जाते है..? इस प्रकार के आयोजना के चलते ग्रामीणों द्वारा नगर देवता से खेतों में कार्य करने के दौरान होने वाली भूल व गलतियों की माफी मांगने के साथ आर्शीवाद ग्रहण किया जाता है। इस प्रकार के पटा भरने के आयोजन अनेक गांवों में होते है जहां पर लोगों की भीड एकत्र होती है। वही दूसरी ओर नाग पंचमी के पावन अवसर को चौरासिया समाज द्वारा चौरासिया दिवस के रूप में भी मनाया जाता है जिसके चलते उनके द्वारा नाग देवता की पूजन की जाती है। इसी के चलते इस वर्ष विशेष संयोगों के बीच आई हुई नाग पंचमी का होना विशेष महत्व वाला बताया जात रहा है। नाग पंचमी के अवसर पर नगर में अनोखी ही छटा दिखाई पड़ी। क्योंकि इस दिवस चौरासियों समाज द्वारा अपने प्रतिष्ठान बंद रखते हुये अपने ईष्टदेव पूजन अर्चन किया गया। वैसे तो अनेक जानम कार लोगों द्वारा नाग पंचमी के दिन जहां पान नही खाते है। वही अनेक घरों में इस दिन हरी सब्जी बनाने से परहेज किया जाता है। वही अनेक घरों में हरी सब्जी के साथ साथ दाल चावल व रोटी बनाना भी बर्जित होता है। नाग पंचमी के मौके पर गाडरवारा चौरसिया समाज के लोगों द्वारा उनके अराध्य नाग देवता की विशेष पूजा अर्चना करने के साथ साथ चौरसिया समाज मंदिर पटैल वार्ड में प्रातःकाल से ही चौरसिया सुजातीय बंधुओं द्वारा भगवान शंकर की प्रतिमा बनाकर पूजन अर्चन शुरू कर दियार गया था। मगर इस वर्ष नाग पंचमी के मौके पर लगातार बारिश का दौर जारी रहने के चलते नगर में निकाली जाने वाली शोभा यात्रा का कार्यक्रम स्थागित कर दिया गया था सिर्फ पूजन तक ही सीमित रहा। इसी प्रकार से समीपस्थ ग्राम बारहाबड़ा, चीचली, सालीचौका, सांईखेड़ा में चौरसिया बंधुओं द्वारा नाग पंचमी पर्व बडे ही धूमधाम के साथ मनाया गया। वही नगर के प्रतिष्ठित दीपक चौरासिया द्वारा हरिभूमि से चर्चा करते हुये बताया कि नाग देवता हमारे ईष्ट देव है और उनकी हमारे द्वारा हर साल विधि विधान के साथ नाग पंचमी के मौके पर पूजन किया जाता है। क्योंकि नाग देवता का हमारे द्वारा की जाने वाली प्रमुख खेती यानि की पान के बरेजे बनाये जाते है उनमें निवास करते हुये उसकी रखवाली भी करते है। जब हम लोग बरेजे के अंदर पान तोड़ने पहुंचते है तो वही हम लोगों को दर्जन देते हुये आर्शीवाद प्रदान करने से नही चूकते है। कभी भी किसी को कोई हानि नही पहुंचाते है। वैसे तो देखा जावे तो इस दुनिया का संपूर्ण भार अपने ऊपर रखने वाले नाग देवता कभी भी बगैर किसी कारण के कोई हानि नही पहुंचाते है। इस प्रकार से हमारे द्वारा हर वर्ष नाग पंचमी के मौके पर उनका श्रद्वा के साथ पूजन करते हुये आर्शीवाद ग्रहण किया जाता है। इसी प्रकार इस वर्ष भी चौरासिया समाज द्वारा नाग पंचमी के मौके पर नाग देवता का पूजन करते हुये नगर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई।



# सर्वमंगल लोकहितार्थ खड़ी कांवड़ यात्रा का बसेड़िया ने किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।



सदा ही समाज सेवा के लिये तत्पर रहने वाले मुकेश बसेड़िया धार्मिक कार्यक्रमों को संपन्न कराने में भी पीछे नही रहते है। इसी के चलते चल रही सावन माह के दौरान उन्होंने लोक कल्याण, जनहितार्थ पूर्ण सनातन वैदिक परंपराओ से युक्त चार दिवसीय सर्वमंगल विश्वनाथजी खड़ी कांवड़ यात्रा निकाली गई। बताया जाता है कि इस यात्रा में सर्वप्रथम सोकलपुर घाट में मां रेवा के साथ कन्याओं, गाय माता व बटुक ब्राह्मण जनो का पूजन अर्चन कर वेद मंत्रों से प्रथम जल कलश भरकर कांवड़ यात्रा का शुभारंभ किया। वही द्वितीय दिवस प्रयागराज के संगम तट पर कांवड़ का द्वितीय कलश त्रिवेणी गंगा ,यमुना, सरस्वती के जल से भरकर विधिवत पूजन किया गया। तृतीय दिवस यात्रा पावन काशी नगरी पहुंची जहां पर कांवड तीसरा जल कलश दशाववमेध घाट से गंगाजल से भरकर श्रावण सोमवार को काशी नगरी में भ्रमण करते हुए सुप्रसिद्ध दिव्य ज्योतिर्लिंग में भगवान विश्वनाथजी का तीनो जल कलशों से जलाभिषेक कर विश्व कल्याण की प्रार्थना की गई। बसेड़िया द्वारा बताया कि खड़ी कांवड़ यात्रा में प्रतिदिन गौ, ब्राह्मण एवं बेटियो का पूजन कर उन्हें सम्मानित किया गया।

# गाडरवारा पुलिस की सफलता, चोरी की चार मोटर साईकिलें जप्त करते हुये आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।



नगर सहित क्षेत्र में वाहन चोर गिरोह सक्रिय रहते हुये जिस तरह मोटर साईकिल चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हुये देखे जा रहे है उसके चलते जहां वाहन मालिकों में दहशत देखने मिल रही है। वही आये पार हो रही बाइकों के चलते पुलिस अधिकारी भी चोरों की खोजबीन में कसर नही छोड़ रहे है। इस तरह घटित हो रही वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिये जिला पुलिस अधीक्ष श्रीमति मृगाखी डेका द्वारा सख्त आदेश देते हुये संदिग्धों पर पैनी नजर रखने के आदेश जारी किये गये है। इसी के चलते अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया के में निर्देशन तथा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में नगर निरीक्षक विक्रम रजक के नेतृत्व में गाडरवारा पुलिस टीम द्वारा संदिग्धों पर नजर रखते के लिये गस्त की जा रही है। बताया जाता है कि जब पुलिस द्वारा गस्त की जा रही थी उसी दौरान नगर निरीक्षक विक्रम रजक के साथ एस आई अर्जुन बघेल, ए एस आई राजेश शर्मा, हरिशंकर बटके, प्रधान आरक्षक राम गोपाल राजपूत, आरक्षक बाल किशन रघुवंशी बल्लू, सुजीत बागरी, अक्षय श्रीवास्तव, प्रदीप गुप्ता, ऐश्वर्य वैकट, उत्तम उचाडिया, करन, रामिसंह व महिला आरक्षक गीता अग्रवाल द्वारा पतलोन तिरहा के पास वाहन चैकिंग करते हुये एक संदिग्ध व्यक्ति बगैर नम्बर की मोटर साईकिले रखे हुये पाये जाने पर जब पुलिस द्वारा उससे पूछताछ की ग ई तो युवक द्वारा अपना नाम गोलू उर्फ भैयाजी पिता मंगल सिंह कौरव उम्र 25 साल निवासी तेंदूखेडा थाना चीचली बताया गया। इस तरह पुलिस द्वारा जब उसके पास मौजूद मोटर साईकिल के कागजो के संबंध में पूछा गया तो किसी तरह के कागज मौजूद नही होने के चलते पुलिस को युवक पर संदेह होने के चलते अपनी हिरासत में लेने के बाद कुछ सख्ती के साथ पूछताछ किये जाने पर आरोपी युवक के पास पाई गई स्टार सिटी मोटर साईकल 22 जुलाई की रात नगर के रेलवे स्टेशन गेट के पास से चोरी करने की बात स्वीकार की गई। वही आरोपी से अन्य चोरी गये वाहनों के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी के द्वारा लगभग 20 दिवस पूर्व तहसील के बाहर खड़ी स्कूटी चुराकर आचार्य नगर गाडरवारा में छोड़कर चले जाने की बात स्वीकार करते हुये बताया कि विगत दिनों पिपरिया,नर्मदापुरम से चोरी की गई लाल रंग की स्प्लेंडर प्रो एवं काले रंग की स्प्लेंडर प्लस पतलोन रोड गाडरवारा में छिपाकर रखने की बात को स्वीकार किये जाने पर पुलिस ने आरोपी के पास से इस तरह उन मोटर साईकिलों को भी जप्त किया गया। इस तरह पकड़े गये आरोपी के पास से पुलिस ने कुल चार चोरी की गई मोटर साईकिलों को जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। वही पुलिस द्वारा आरोपी को गिरप्तार करते हुये मा. न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये रिमार्ड पर लेकर पूछताछ की जा रही है जिससे अनुमान है कि अन्य चोरी गई मोटर साईकिलों की खोज करने में सफलता मिल सकती है।

# अज्ञात चोरों ने सूने घर में सेंध लगाते हुये पार किये गये सोने चांदी के जेवर



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

नगर में कुछ दिनों से जिस तरह चोरी की घटनायें घटित होते हुये देखी जा रही है वह निश्चित नगरवासियों के बीच दहशत फैलाने में कोई कसर नही छोड़ रहे है..? क्योंकि बीते हुये दिनों पुलिस विभाग में हुये फेर बदल के चलते अनेक पुलिस कर्मियों का तबादला होने के चलते मानों चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले के पौ बारह हो गये है। क्योंकि थाने में पदस्थ रहने वाले पुलिस कर्मी चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वालों को जानते पहचानते थें। रात के समय यदि इस तरह कोई संदिग्ध व्यक्ति नजर आता था तो वह पूर्व में पदस्थ रहने वाले कर्मियों की नजर से बच नही पाते थें। मगर इस समय देखा जावे तो पुलिस थाने में जिस तरह नये पुलिस कर्मियों की टीम तैनात की गई है वह अपने दायित्वों का निर्वाहन जिस तरह अप डाऊन प्रवृति पर निभाते हुये दिखाई देने का परिणाम है कि चोरों के हौसले बुलंद होने के साथ वह चोरी की घटनाओं को अंजाम देने से नही चूक रहे है..? कुछ इसी प्रकार से बीते हुये दिनो नगर के जगदीश वार्ड निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बोदरी पुलिस चौकी के पिछे मंगल सिटी विवेकानंद वार्ड में मेरे चाचा धीरज भारके रहते है। जो वह भोपाल गये हुये थें। बीते हुये दिवस मुझे मेरे चाचा के पडोस में रहने वाले रामसिंग रजक ने फोन से सूचना दी की तुम्हारे चाचा के घर के गेट का ताला टूटा है। जब मैने यानि की प्रार्थी ने जाकर देखा तो मेरे चाचा के घर के सभी ताले टुटे हुए थे और घर के अन्दर रखी अलमारी व पलग पेटी का पूरा सामान बीखरा पडा हुआ था। वही अलमारी में रखा 1 सोने का हार, 1 चांदी का करधन,1 जोडी चांदी की पायल, 10 नग चादी के लछछे एंव 10 हजार रुपये नगद व भूमि, मकान के कागजात, वाहन के दस्तावेज रखे हुए थे। वही सभी गायब थें। इस तरह अज्ञात चोरों द्वारा सूने घर में सेंध लगाते हुये सोने चांदी के जेबर सहित नगदी रूपया व जरूरी कागज पार किये जाने की शिकायत पर पुलिस द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लेकर खोजबीन की जा रही है।

# अंको के कारोबारियों के खिलाफ घूमा पुलिस का डंडा, अनेक सटोरिया पुलिस की पकड़ में

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।



पुलिस द्वारा सटोरियों के खिलाफ की जा रही कार्यवाही के चलते अलग अलग स्थानों पर की गई छापेमार कार्यवाही के चलते अनेक सटोरिया पुलिस की पकड़ में आने के चलते पुलिस द्वारा उनके पास से सट्टा पट्अी सहित नगद राशि जप्त की गई है। इस संबंध में पुलिस थाने में मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस पुलिस द्वारा समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी अंतर्गतग ग्राम खुलरी झुरैया के पास से जितेन्द्र पिता देवेन्द्र रजक के पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 230 रूपया व सिहोरा बगीचा के पास से आशीष पिता हीरालाल वर्मा निवासी सिहोरा के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 210 रूपया। इसी प्रकार नगर के चीचली तिरहा के पास हीरालाल पिता सुम्मेर सिंह विश्वकर्मा निवासी आजाद वार्ड के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 350 रूपया तथा नगर के नया बस स्टेन्ड के पास आशीष पिता घनश्याम साहू निवासी पटैल वार्ड के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 550 रूपया व नगर के जगदीश वार्ड में गोलू पिता धन्ना लाल नौरिया के पास से पट्टी सहित नगदी 1050 रूपया तथा धमेन्द्र पिता अशोक यादव निवासी महाराणा वार्ड के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 1625 रूपया, आनंद पिता छोटे लाल सेन के पास से सट्टा पट्टी व नगदी 1150 रूपया जप्त किये गये। इसी प्रकार से चीचली पुलिस थाने के अंतर्गत चीचली बस स्टैन्ड के पास से सौरभ पिता गुड्डा कहार निवासी सुदरास के पास से सट्टा पट्टी सहित नगदी 310 रूपया तथा शासकीय चिकित्सालय के पास से उदय पिता सिब्बू ठाकुर के पास से पटटी सहित नगदी 450 रूपया जप्त किये गये। वही समीपस्थ डोगरगांव पुलिस द्वारा भी अपने थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कल्याणपुर बाजार में दशरथ पिता ताराचंद ब्राम्हण को सट्टा पट्टी काटते हुये पकड़कर आरोपी के पास से पट्टी सहित नगदी 220 रूपया जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ धारा 4 क जुंआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

# चिरहकला हाई स्कूल में बच्चों को वितरित की गई साईकिलें

हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

शासन की योजना के तहत बीते हुये दिवस सांईखेड़ा जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले शासकीय हाई स्कूल चिरहकला में मंगलवार को निः शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व चौगान भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक भार्गव, ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती कृष्णा बाई मलैया एवं भाजपा युवा नेता अरविंद पटेल उपस्थित मौजूद रहे। वही कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा मां सरस्वती जी की पूजन अर्चना की गई। इसके उपरांत सभी अतिथियों का शाला परिवार द्वारा पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। इस दौरान संस्था के प्राचार्य नारायण साहू द्वारा उपस्थित अतिथियों के समक्ष अपनी बात प्रतिवेदन के माध्यम से रखी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक भार्गव ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार में अन्य ग्रामो से आने वाले बच्चों के लिए निः शुल्क साइकिल प्रदान की जा रही है ताकि बच्चों को नियमित शाला आने में किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो। आप सभी बच्चों को प्रतिदिन साइकिल से अपनी शाला आना है एवं पूरी मेहनत के साथ मन लगाकर पढ़ाई भी करना है । इस दौरान भार्गव ने उपस्थित शिक्षकों से भी बच्चों के साथ ईमानदारी से मेहनत करने की बात कहते हुये उन्होंने लगभग 49 बच्चों को शासन की योजना के तहत निःशुल्क साईकिलों का वितरण किया गया।



**खबर संक्षेप**

### विनायक व्यायाम शाला में नाग पंचमी का आयोजन



**नरसिंहपुर।** मंगलवार को नाग पंचमी के पावन अवसर पर विनायक व्यायाम शाला नरसिंहपुर में नाग पंचमी का आयोजन किया गया। जिसमें सर्व प्रथम हनुमान जी एवं नाग देवता का परम्परागत ढंग से सभी सदस्यों ने पूजन अर्चन किया । उपस्थित खलीफाओं एवं पहलवानों ने अखाड़े का पूजन एवं आरती की गई। इस अवसर पर विनायक व्यायाम शाला सहकारी समिति के सचिव एस, के, चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष शंकर लाल राय, वीरेंद्र राय (नीलू) यादव सदस्य के साथ पूर्व अध्यक्ष रमेश साहू, अशोक मराठा, रघु मराठा, शंकर मराठा, लक्ष्मण कोरी सहित सभी वरिष्ठ एवं युवा पहलवान की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

### पर्यटन क्विज प्रतियोगिता एक अगस्त को आयोजित

**नरसिंहपुर।** मप्र पर्यटन बोर्ड भोपाल द्वारा पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन एक अगस्त को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में होगी। जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में जिले के पंजीकृत 165 विद्यालयोंटीम के 495 विद्यार्थी इसमें सहभागिता करेंगे। प्रभारी अधिकारी ने बताया कि प्रथम चरण की लिखित परीक्षा 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। उन टीमों में सर्वाधिक अंक प्राप्त 6 टीमों के बीच कौन बनेगा करोड़पति की तर्ज पर शासकीय पीजी कॉलेज नरसिंहपुर के ऑडिटोरियम हॉल में मल्टीमीडिया राउंड दोपहर 2.30 बजे से शाम 4.30 बजे तक आयोजित होगी। इस दौरान दर्शकों से भी प्रश्न पूछे जाएंगे और उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता में सफल प्रथम तीन विजेता एवं उप विजेता टीमों को प्रदेश के दर्शनीय एवं ऐतिहासिक स्थलों पर जाने के लिए टूर पैकेज- कूपन दिए जाएंगे।

### धमकाने वाले आरोपी को 2 वर्ष का सश्रम कारावास

**नरसिंहपुर।** माननीय न्यायालय, मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमान यश शर्मा के न्यायालय द्वारा अवैध रूप से देशी रिवाल्वर लहराकर लोगों को डरा-धमकाने के प्रकरण में आरोपी सोहेल उर्फ शोहेब उर्फ फग्गो पिता नईम उर्फ नहीम खान उम्र 21 वर्ष निवासी मरघटा मोहल्ला विवेकानंद वार्ड गाडरवारा को दोषसिद्ध पाते हुए आरोपी को 02 वर्ष का सश्रम

### जनसुनवाई में आये 40 आवेदन



**नरसिंहपुर।** कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर के जनसुनवाई हाल में मंगलवार 29 जुलाई को आयोजित जनसुनवाई में जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह एवं संयुक्त कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये और विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 40 आवेदन आये।

### मृत्यु होने पर 4 लाख रुपये स्वीकृत

**नरसिंहपुर।** जिले की तेंदूखेड़ा तहसील के ग्राम ग्वारी के निरंजन सिंह पिता जगन्नाथ किरार नीलेश किरार की कृषि कार्य करते समय ट्रेक्टर पलटने से ट्रेक्टर के नीचे आ जाने से 14 अप्रैल 2024 को मृत्यु हो गई थी। मृतक के निकटतम वारसान उनकी पत्नि द्रोपती बाई किरार को मुख्यमंत्री जीवन कल्याण योजना के अंतर्गत 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। यह राशि अनुविभागीय राजस्व अधिकारी तेंदूखेड़ा की अनुसंशा से जारी की गई है।

### एक पेड माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण



**नरसिंहपुर।** शास.श्याम सुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय,नरसिंहपुर में प्राचार्य श्रीमती कृष्णा शर्मा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाइ एवं ईको क्लब और सहयोग बैंक ब्रांच मैनेजर प्रशांत पाण्डे एवं टीम के माध्यम से एक पेड माँ के नाम अभियान के अंतर्गत वृहद् वृक्षारोपण किया गया। इस कार्य को राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई एवं ईको क्लब की प्रभारी डॉ. नंदना शिल्पकार द्वारा करवाया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टॉफ एवं छात्राओं द्वारा कटहल,ऑवला, महुआ, इमली,पीपल, जामुन आदि पौधे रोपे गये।

## कलेक्टर ने अतिवर्षा से प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण किया

# नदी नाले उफान पर, सड़कों पर सैलाब, मूसलाधार बारिश के कारण जनजीवन प्रभावित कई स्थानों पर आवागमन बंद







### जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित
### नागरिकों से बाढ़ की स्थिति व अतिवर्षा होने पर सावधानी व सुरक्षा बरतने की अपील

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने मंगलवार को जिले में हो रही अतिवर्षा तथा बाढ़ की स्थिति से जिले के प्रभावित ग्राम रिछाई, खमरिया, देवरी और बिलहेरा का भ्रमण किया।

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

इस दौरान पुल- पुलियो, क्षतिग्रस्त मार्गों, नदी- नालों का निरीक्षण किया गया। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि अतिवर्षा से प्रभावित क्षेत्रों में आवागमन न करें। नदी- नालों में बाढ़ व पुल के ऊपर पानी होने की स्थिति में नदी- नाले पार न करें, यह जोखिम भरा हो सकता है। किसी भी प्रकार की घटना- दुर्घटना होने पर या बाढ़ व पुल- पुलियां क्षतिग्रस्त होने पर तत्काल इसकी सूचना दें। उन्होंने मैदानी अमले को नियमित रूप से अतिवर्षा से प्रभावित क्षेत्रों और नदी- नालों के जल स्तर पर निगरानी रखने के निर्देश दिये। अतिवर्षा की स्थिति के संबंध में नागरिकों को अवगत कराने को कहा, जिससे जन- माल की सुरक्षा बनी रहे। उन्होंने मैदानी अमले को जिले में हो रही अतिवर्षा व बाढ़ की स्थिति पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने अतिवर्षा से प्रभावित लोगों के लिए पंचायत भवन और आरोग्यम स्वास्थ्य केन्द्र में ठहरने की वैकल्पिक व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उनके लिए भोजन, पेयजल और आवश्यक सुविधाओं का भी प्रबंध करने को कहा, जिससे अतिवर्षा से प्रभावित लोगों को कोई परेशानी न हो। अतिवर्षा से प्रभावित क्षेत्रों के लिए एसडीआरएफ की टीम तैनात की गई है तथा बचाव हेतु बोट, रस्सी, टार्च, वाहन इत्यादि का प्रबंध किया गया है।

### जिला स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना

यह बाढ़ नियंत्रण कक्ष जिला कार्यालय कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 04 (कंट्रोल रूम) में की गई है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष में उपलब्ध टेलीफोन नंबर 1077 के माध्यम से प्राप्त होने वाली जानकारी को बाढ़ नियंत्रण कक्ष में उपलब्ध टेलीफोन नंबर 07792- 233552 पर अवगत कराएंगे। सहायक अधीक्षक भू- अभिलेख गिरीश धुलेकर को बाढ़ नियंत्रण कक्ष के नोडल अधिकारी एवं प्रभारी सहायक अधीक्षक भू- अभिलेख संतोष कुमार श्रीवास्तव को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। बाढ़ नियंत्रण कक्ष में सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक उत्कृष्ट विद्यालय के भृत्य यज्ञ नारायण चैधरी व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केरपानी के भृत्य आशीष पंद्रे को, दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कौड़िया के भृत्य ब्रजेश कुमार चैधरी को व कार्यपालन यंत्री रानी अवंती बाई लोधी नहर संभाग डिस्नेट डिवीजन बरगी के भृत्य विकास अहिरवार को और रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक रानी अवंती बाई लोधी नहर संभाग डिस्नेट डिवीजन बरगी नरसिंहपुर के भृत्य हीरेन्द्र साहू व भृत्य शेख जुम्मन को नियुक्त किया है। इसी तरह बाढ़ नियंत्रण कक्ष में सुबह 6 बजे से दोपहर 2 बजे तक कार्या अधीक्षक भू- अभिलेख नरसिंहपुर के चेनमेन सुरेन्द्र श्रीवास्तव को, दोपहर 2 बजे से रात्रि 10 बजे तक भृत्य नारायण पटैल को और रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक भृत्य चंद्रेश तिवारी को रिजर्व में रखा गया है।

## कलार महिला मण्डल द्वारा मनाई हरियाली तीज
### सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलार महिला मण्डल द्वारा हरियाली तीज का कार्यकम आयोजित किया गया। हरियाली तीज सावन माह में मनाया जाने वाला एक प्रमुख हिन्दु पर्व है, जिसमें महिलायें भगवान शिव एवं माता पार्वती की पूजा कर पति की लंबी उम्र की कामना करती हैं। महिलायें हरे रंग की साडी, हरी चूडियां, बिंदी, काजल आदि से सोलह श्रृंगार करती हैं। इसी तारतम्य में कलार महिला मंडल की सदस्यों द्वारा रिंकी राय के निवास पर हरी साडी एवं श्रृंगार में उपस्थित होकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में आयोजक सदस्यों द्वारा समस्त महिला सदस्यों का गुलाब के फूल देकर एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। सांस्कृतिक कार्याक्रमों के साथ ही रोचक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कर सभी विजेता सदस्यों को आकर्षक पुरूष्कार वितरित किये गये। कार्यक्रम के दौरान कलार महिला मंडल की अध्यक्ष प्रोति राय, उपाध्यक्ष ज्योत्सना राय, सचिव दुर्गा राय कोषाध्यक्ष मीनू महाजन के साथ संरक्षक गोदावरी राय, सरोज राय, अर्चना राय, स्वाति जायसवाल, जयश्री राय, आरती राय, रत्ना राय, प्रतिभा राय, रिंकी राय, रेणु जायसवाल, कामनी राय, साधना राय, लता राय, सची चैकसे, नीता राय, सरिता राय, नेहा राय, किरण राय, सोनम राय उपस्थित रहीं। अध्यक्ष प्रीति राय द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

### शंकराचार्य ने स्वयंभू श्री ज्योतिरीश्वर महादेव का पूजन कर किया अभिषेक*



**गोटेगांव** समीप धार्मिक स्थल झोतेश्वर परमहंसी गंगा आश्रम श्रावण मास चातुर्मास प्रवचनों की श्रृंखला में पूज्य अनन्तश्री विभूषित पश्चिमाम्न्नाय द्वारकाशारदापीठाधीश्वर श्रीमज्जगद्गुरु शङ्कराचार्य स्वामी श्रीसदानंद सरस्वतीजी ने बताया की आज की शिवमहापुराण एवं वाल्मीकि रामायण कथा हमलोग सुन रहे हैं आज श्रावण सोमवार है शिवजी भगवान शिव तीन बार शिव-शिव-शिव बोलने से सब कुछ दे देते हैं । इस तरह 3 बार भगवान का नाम उच्चारण करने से भगवान सदा के लिए उसके ऋणी हो जाते हैं । संसार में ऐंसा कोई पाप नहीं है जो शिव का नाम लेने से नष्ट न हो जाये इतने पाप कोई कर नहीं सकता जितने महादेव नष्ट कर सकते हैं इसका मतलब यह नहीं है कि पाप करके नाम लें यह अर्थवाद है । जो गुरु बताये वही करना चाहिये गुरू की आज्ञा लेकर जो साधना करेंगे तो उसका फल मिलेगा । महादेव के सम्बन्ध में यही बात है । नवधा भक्ति आपने अभी सुनी इनके नौ प्रकार होते हैं ये हैंः श्रवण, कीर्तन, स्मरण, पादसेवन, अर्चन, वंदन, दास्य, सख्य और आत्मनिवेदन । इन नौ में से एक भी आ जाए तो कल्याण हो जाता है । मतंग ऋषि जी गुरु की आज्ञा से सबरी ने भगवान की प्रतीक्षा की गुरु ने कहा भगवान आयेंगे । लो भगवान आये और सबरी का कल्याण हुआ निष्ठा ही फल प्रदान करती है ।



### सरकारी भूमि पर पट्टे की मांग, कलेक्टर से लगाई गुहार

**गोटेगांव** के झोतेश्वर ग्राम पंचायत अंतर्गत श्याम नगर से गांव के ग्रामीण जिला मुख्यालय कलेक्ट्रेट पहुंचे और उन्होंने कलेक्टर को लिखित आवेदन देते हुए गुहार लगाई है कि कृषि कार्य के लिए सरकारी भूमि की मांग की वहीं ग्रामीण ने बताया कि वह लंबे समय से सरकारी भूमि पर कृषि कार्य कर रहा है और अपने परिवार का भरण पोषण करता है वहीं उसने कलेक्टर को आवेदन देते हुए सरकारी भूमि पर कृषि कार्य करने के लिए सरकारी पट्टे की मांग की है जिससे वह अपने परिवार का भरण पोषण कर सके इन्हीं मांग को लेकर ग्रामीण ने बजे कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को आवेदन दिया।

## सुंदर स्वच्छ हमारा नरसिंहपुर रोटरी क्लब द्वारा ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन







**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** रोटरी क्लब आफ नरसिंहपुर सिटी द्वारा एम आई एम टी कॉलेज परिसर में छात्र - छात्राओं की सृजनात्मकता को प्रोत्साहित करने ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली छात्रों द्वारा उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया गया। कार्यक्रम में डॉ. यतीन्द्र महोबे चित्रकला विभागाध्यक्ष शासकीय महिला महाविद्यालय के मुख्य आतिथ्य एवं रोटरी क्लब के सदस्यों एवं परिवारजनों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। क्लब अध्यक्ष रोटे. संजय चावला एवं कार्यक्रम के प्रभारी नीरव मानसाता ने क्लब की गतिविधियों एवं कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे. इंजी. रुद्रेश तिवारी द्वारा किया गया। सुंदर स्वच्छ हमारा नरसिंहपुर विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन दो वर्गों में किया गया। जिसमें सीनियर वर्ग कक्षा 9 वीं से 12 तक तथा जूनियर वर्ग कक्षा 6 वी से 8 वी तक के छात्र - छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में करीब 250 छात्र - छात्राओं ने सहभागिता दी। विजेताओं को स्मृति चिन्ह पारितोषक एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। ये रहे विजेता- प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्रियंका लोधी केंद्रीय विद्यालय, द्वितीय जपनीत कौर जुनेजा तथा तृतीय स्थान वैशाली शर्मा चावरा विद्यापीठ को प्राप्त हुआ। वही जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान जीविका कश्यप एस एन पी एस स्कूल, द्वितीय स्थान देवंशिका लोधी चावरा विद्यापीठ तथा तृतीय स्थान आरव पटेल रोशन धौरेलिया वल्ड स्कूल को प्राप्त हुआ।

### पूनम, साक्षी ने एन.सी.सी. केडेट्स ने शूटिंग स्पर्धा में लहराया परचम



**गोटेगांव** नगर स्थित शासकीय सांदीपनी विद्यालय की दो एन.सी.सी. केडेट्स छात्राएं पूनम ठाकुर, साक्षी लोधी ने ग्वालियर में आयोजित एन.सी.सी. ग्रुप हेडक्वाटर स्तर की शूटिंग स्पर्धा में जबलपुर ग्रुप हेडक्वाटर का प्रतिनिधित्व करते हुए सफलता प्राप्त की है। इस चयन के उपरांत अब दोनो केडेट्स डायरेक्ट्रेट स्तर की प्रतिस्पर्धा हेतु ग्वालियर में आयोजित 20 दिवसीय प्रशिक्षण कैंप में हिस्सा लेंगी। इस प्रशिक्षण उपरांत ये दोनो केडेट्स दिल्ली में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में एन.सी.सी डायरेक्ट्रेट म.प्र. एवं छत्तीसगढ का नेतृत्व करेंगी। ज्ञातव्य है कि ये दोनो केडेट्स विगत एक माह से वन एम.पी. एन.सी.सी बटालियन जबलपुर के कमांडिंग आफिसर कर्नल समीर बोडास के निर्देशन में शूटिंग रेंज जबलपुर में सतत अभ्यासरत हैं। उनकी इस सफलता में विद्यालय के प्राचार्य एस.के. सिसोदिया सहित संपूर्ण स्टाफ की प्रेरणा रही है।

# झमाझम बारिश से संपूर्ण क्षेत्र हुआ जलमग्न ग्रामीण क्षेत्रों का मुख्य सड़क मार्गों से संपर्क टूटा







तेंदूखेड़ा

इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में लगातार जारी वारिस से जहां संपूर्ण क्षेत्र जलमग्न हो गया है। वहीं क्षेत्रीय नदियों के साथ साथ नर्मदा नदी में बाढ़ होने से सड़क मार्ग बंद होने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क टूट गया है। कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में निचली बस्तियों में बरसात का पानी भरने से घरों में पानी भरने के समाचार मिले हैं। आम जन जीवन भी प्रभावित बना हुआ है। ग्रामीण क्षेत्रों से बच्चे भी स्कूल नहीं आये है।

### राजमार्ग देवरी नांदिया मेंहदा और डोभी निचली बस्तियों में पानी भरा

लगातार बारिश के चलते जहां नदि नाले उफान पर हैं वहीं निचली बस्तियों में पानी भर जाने के कारण घरों में भी पानी भर गया है। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम नादिया और मेंहदा तथा डोभी क्षेत्र में बरसात का पानी भरने से लोगों के घरों में रखा हुआ अनाज खाने पीने की सामग्री भी खराब हो गई है। नादिया में तो एक यात्री बस भी डूब क्षेत्र में खड़ी होने के कारण वह भी डूब गई है। यहां के लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जा रहा है।यह पहला अवसर है जब यहां पर पानी भरा है।यही स्थिति राजमार्ग देवरी की भी बनीं हुई है मंदिर से लेकर भीतर तक लगभग 5 फुट पानी ही पानी भरा हुआ है। प्रतिष्ठित कृषकों का कहना है कि पानी भरने से अनाज खराब हो गया है।

### गाडरवारा और बरमान जाने वाले सड़क मार्ग बंद

लगातार जारी वारिस से नदियों में पानी का ठिलाव बना हुआ है। बाढ़ जैसे हालात देखे जा रहे हैं।हाल ही में बरगी बांध से पानी छोड़े जाने के कारण नर्मदा नदी उफान पर है।जिस कारण से ककरा घाट के पुल पर पानी हो जाने से तेंदूखेड़ा गाडरवारा सड़क मार्ग भी बंद





हो गया है। वहीं तेंदूखेड़ा से बरमान जाने वाले सड़क मार्ग पर इमझिरा के समीप बरांझ नदी पर तथा डोभी के समीप पाडांझिर नदी पर बाढ़ का पानी होने के कारण पुल डूब जाने से सड़क मार्ग बंद हो गया है।इन सड़क मार्गों के ग्रामीण क्षेत्रों का मुख्य सड़क मार्गों से आवागमन का संपर्क टूट गया है। चूंकि यह इस बार दूसरी स्थिति बनी है जब बाढ़ के पानी के कारण सड़क मार्ग बंद हुये है।

### सर्रा बंधी में प्राथमिक शाला का भवन खिसला

तेंदूखेड़ा क्षेत्र में विशेष तौर पर चांवरपाठा विकास खंड में ऐसे विद्यालय हैं जो जर्जर हो चुके हैं और जमींदोज होने लगे हैं। सोमवार को वारिस के चलते ग्राम सर्रा बंधी स्थित प्राथमिक शाला की पीछे तरफ का हिस्सा खिसल गया है। छात्रों को सुरक्षित अतिरिक्त कक्ष में बिठाया गया है।इस भवन के जीर्णोद्धार से लेकर नये भवन की मांग की जा रही है लेकिन अभी तक उचित कार्यवाही नहीं हो सकी है।

### आफत में किसान बरसते हुए पानी में उपज लेकर मुख्य सड़क मार्गों पर खड़े

तेंदूखेड़ा एक तरफ जहां किसानों की आमदनी को दुगुना करने से लेकर तरह-तरह की लोभ लुभावनी घोषणाएं की जा रही है वहीं वर्तमान में किसान परेशान देखा जा रहा है। वर्तमान में जहां मूंग फसल को बेचने के लिए एक पखवाड़े से मुख्य सड़क मार्गों पर बरसते हुए पानी में ट्रेक्टर लेकर पड़ा हुआ है। वेयरहाउसों के समीप सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं है। यहां तक चाय पानी तक की दुकानें तक नहीं है। अंधेरे में अकेला अपने अपने ट्रेक्टरों में ही दिन रात काट रहे हैं। लगातार बारिश से नदी नाले उफान पर होने के कारण डोभी बिलहरा क्षेत्रों के वेयरहाउसों में खड़े ट्रेक्टरों के ड्राइवर फंसे हुए हैं घर तक नहीं आ जा पा रहे हैं।एक पखवाड़े से अधिक का समय बीता जा रहा है अपने नंबर की आश को लेकर धीरे धीरे तुलाई हो पा रही है।सिलाइड बुक ना होने को लेकर भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

लगातार हो रही वारिस के चलते जहां सोयाबीन और अरहर का बीज खराब हो गया है। मक्का फसल भी अधिक पानी के कारण ग्रोथ नहीं कर पा रही है। वहीं किसानों को डी ए पी और यूरिया को लेकर काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। बाजार में कुछ डी ए पी विक्रेताओं द्वारा मनमाने दामों में विक्री की जा रही है। यूरिया में भी गुणवत्ता देखनें को नहीं मिल रही है। कृषकों ने हमारे प्रतिनिधि को बताया कि कुछ व्यापारियों द्वारा निर्धारित मूल्य से भी अधिक दामों पर मौके का फायदा उठाकर बिक्री की जा रही है।